# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–16 अक्टूबर 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश सरकार ने सभी जिलाधिकारियों को किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। कल आयोजित एक विशेष बैठक में राज्य के मुख्य सचिव एसपी गोयल ने कहा कि जिलाधिकारियों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री सुनिश्चित करने के लिए दैनिक समीक्षा करनी चाहिए। किसानों को प्रत्येक बिक्री के बाद रसीद अवश्य उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उन्होंने यूरिया के अनधिकृत उपयोग पर कड़ी निगरानी रखने का भी निर्देश दिया।

**********

उत्तर रेलवे इस वर्ष दीपावली और छठ पर्व के दौरान एक हजार अतिरिक्त विशेष रेलगाडियां चला रहा है। नई दिल्ली में उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष की तीन हजार आठ सौ रेलगाडियों की तुलना में वर्तमान में विशेष ट्रेनों के चार हजार सात सौ से अधिक फेरे चल रहे हैं।

**दिवाली प्लस छठ कंबाइंड पीरियड ऐसा हो जाता है कि लोगों को छुट्टी मिल जाती है और उस पीरियड में लोग अपना प्लान कर लेते हैं। हम लोगों की कोशिश यह है कि हम लोग ज्यादा से ज्यादा लोगों को सुविधा के साथ में उनके घरों तक पहुंचा पाएं। और जब वह रिटर्न आए तो हमारे पास रिटर्न ट्रैफिक की तैयारी हो।**

इस बीच, वाराणसी कैन्ट रेलवे स्टेशन के निदेशक ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि आवश्यकता पड़ने पर लखनऊ मंडल कार्यालय के आदेशानुसार वाराणसी से भी स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जाएगा।

**********

अयोध्या में उन्नीस अक्टूबर से प्रस्तावित दीपोत्सव की तैयारियाँ तेज हो गई हैं। अयोध्या के मंडलायुक्त राजेश कुमार ने बताया इस वर्ष छब्बीस लाख ग्यारह हजार एक सौ एक दीप जलाकर विश्व रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस बीच, प्रस्तावित दीपोत्सव से पहले कल राम की पैड़ी पर लेजर और लाइट शो का भी ट्रायल किया गया। दीपोत्सव को देखते हुए आज अयोध्या के आईजी प्रवीण कुमार ने भी भारी पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि यातायात सहित दीपोत्सव सम्बन्धी सभी प्रबन्धों को देखने के लिए पैदल मार्च सहित अन्य कार्रवाई की जा रही है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को मिल रहा है। यह उत्सव पिछले महीने की बाइस तारीख से शुरू हुआ है। एक रिपोर्ट–

**नए कर ढांचे के अंतर्गत, ट्रैक्टर और पम्प उपकरणों की लागत में 7 से 13 प्रतिशत की गिरावट आई है। यह गिरावट छोटे और सीमांत किसानों के लिए आधुनिक कृषि उपकरणों पर अधिक किफायती बना रहा है। जिससे स्थानीय एमएसएमई की प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार मिलेगी। तैयार वस्त्र उत्पादों पर जीएसटी कमी से शहरी खरीदारों के सामर्थ्य में सुधार होगा और बुनकर परिवार के लिए अधिक आय स्थिरता लाने में मदद मिलेगी। जीएसटी को 12 से घटाकर 5 प्रतिशत करने से कारीगरों को ई–कॉमर्स और निर्यात बाजारों में मजबूती से बढ़त मिलेगी। अक्षित के साथ, आदित्य प्रताप सिंह, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–आईआईटी वाराणसी के चौदहवें दीक्षांत समारोह का आज काशी हिन्दू विश्वविद्यालय परिसर के स्वतंत्रता भवन में आयोजन हुआ। समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को 123 पदक वितरित किए गए। इस दौरान संस्थान के निदेशक प्रोफेसर अमित पात्रा ने बतौर सीनेट अध्यक्ष दीक्षांत समारोह के औपचारिक आरंभ की घोषणा की । उन्होंने संस्थान की वार्षिक उपलब्धियों का वाचन भी किया।

**********

पत्र सूचना कार्यालय–पीआईबी वाराणसी द्वारा सेवापुरी ब्लॉक सभागार में आज एक दिवसीय वार्तालाप मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय मीडिया से संवाद, प्रशिक्षण और अनुभव साझा करने की गतिविधियों के साथ–साथ केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यशाला को विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह, सेवापुरी ब्लॉक प्रमुख रीना कुमारी, पीएमजी कर्नल विनोद और पीआईबी लखनऊ के निदेशक दिलीप कुमार शुक्ला ने सम्बोधित किया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में सिंधी समाज के प्रमुख धर्मगुरु संत शिरोमणि श्री सांईं चाँडूराम साहिब जी के अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने उनके निधन पर गहरा शोक जताया। अपने शोक संदेश में उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि श्री सांईं चाँडूराम साहिब जी ने अपने पूरे जीवनकाल में करुणा, प्रेम और सहअस्तित्व की भावना के साथ मानवता की सेवा की।

**********

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने विकसित भारत युवा नेता संवाद क्विज–2026 की अंतिम तिथि इकतीस अक्टूबर तक बढ़ा दी है। मंत्रालय ने बताया कि माई भारत पोर्टल के माध्यम से अब तक बीस लाख से अधिक युवा प्रतिभागी इस क्विज में भाग ले चुके हैं।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी संभाग में आगामी बाइस अक्टूबर तक मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार आगामी पांच दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में भी कोई बड़ा परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

**********